Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Singh Ch. Lal

>

Title : Regarding killing of four persons by militants in Udhampur Parliamentary constitutency, Jammu and Kashmir.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे इलाके में जो फार फ्लंग एरियाज़ के लोग हैं, उनकी जान-माल को प्रोटैक्शन नहीं मिल रही है। आप जानते हैं कि पिछले दिनों और उससे पहले भी लगातार हमारे अपने एरिया में महौर में, जहां फौज की चौकी थी, वह चौकी पिछले दिनों हटा दी। जैसे ही चौकी हटाई गई, उसके दूसरे दिन वहां अटैक किया गया। वहां जो 26 फैमिलीज़ फौज के साये में रहती थीं, उन पर भी अटैक हुआ। वहां चार लोग ऑन द स्पॉट मारे गए और दस घायल cÖA[h25]*

वे मेडिकल कालेज के अस्पताल में पड़े हुए हैं। मेरे कहने का मकसद यह है कि जितने भी दूर-दराज के इलाके हैं, वहां बिलकुल भी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। वहां लोगों में आतंकवाद का बहुत ज्यादा डर है और आतंकवादी उनको डरा कर रखते हैं। हम लोग रोज़ कहते हैं कि हमने आतंकवाद कम कर दिया है, लेकिन जब आंकड़े देखते हैं तो रोजमर्रा किसी-न-किसी आम आदमी का कत्ल किया जाता है। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है कि वहां पर चौकियां वापस बनाई जाएं। अगर आर्मी की चौकी वहां नहीं बनाई जा सकती है तो बीएसएफ की चौकी वहां बनाई जाए, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके।

वहां पर एक रूल एसएल-43 बना हुआ है। जो आदमी पढ़ा-लिखा है, सिर्फ उसे ही रोजगार मिलता है। इस गांव में 26 परिवार रहते हैं और इनमें नाम के लिए भी कोई पढ़ा-लिखा नहीं है। इस गांव के गरीब आदमियों को वहां रोजगार मिलना मुश्किल है। मेरी प्रार्थना है कि इस रूल को सरल तरीके से लागू करके इन लोगों को प्रोटेक्शन देने के साथ-साथ रोजगार दे कर इनके गुजारे की व्यवस्था की जाए।

MR. SPEAKER: Shri Shailendra Kumar.

Please sit down, you have to hear something very important. Please take your seat and listen. It is very easy to make passing comments. There are two hon. Members who have put questions, whose names are there, belonging to your party, namely, Samajwadi Party. You have given the notice on a matter namely 'encephalitis' which has been fully discussed on the floor of the house on a Call Attention only a few days back, and you have repeated that without caring to find out whether it has been discussed. The other hon. Member is Shri Ramji Lal Suman who happens to be absent. Do not make such comments. You are a responsible member.

Shri Avinash Rai Khanna. Speak only on the death sentence awarded.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not make such comments on the floor of the House. It does not behove of a responsible Party.